भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 296*

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष निवेश सारथी

*296. श्री अनिल यशवंत देसाई

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'आयुष निवेश सारथी' के अंतर्गत भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को लोकप्रिय बनाने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्ध और प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादन इकाइयों द्वारा उत्पादित की जा रही प्रमुख पारंपरिक दवाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाइयों का ब्यौरा क्या है और इनमें कितने लोग कार्य कर रहे हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 07 अगस्त, 2026 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 296* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को देश के एक सशक्त आर्थिक क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 मई, 2025 को आयुष निवेश सारथी पोर्टल का शुभारंभ किया है। यह पोर्टल निवेश को सुगम बनाने वाले एक समग्र प्लेटफार्म के रूप में काम कर रहा है जिससे आयुष क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा मिला है। यह अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देते हुए औषधीय पौधों के व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करता है तथा आयुष उत्पादों के बढ़ते निर्यात बाजार को सहायता प्रदान करता है।

(ख): आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद की 201, सिद्ध की 200, यूनानी की 200 तथा होम्योपैथी की 200 औषधियों, जिनका निर्माण देश में स्थित औषधि विनिर्माण इकाइयों द्वारा किया जा रहा है, को शामिल करते हुए वर्ष 2022 में आवश्यक आयुष औषधियों की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएएम) प्रकाशित की है, (विस्तृत जानकारी https://ayush.gov.in/assets/pdf/health/List_of_essential_Ayush_Medicines.pdf पर उपलब्ध है।)

(ग): आयुष के अंतर्गत, एमएसएमई सहित ओन लाइसेंस्ड फार्मेसियों (Own Licensed Pharmacies) की राज्य-वार/पद्धति-वार कुल संख्या का विवरण **संलग्नक 'क'** में दिया गया है। इनमें कार्यरत व्यक्तियों का विवरण उपलब्ध नहीं है।

*****

संलग्नक 'क'

दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार आयुष के अंतर्गत ओन लाइसेंस्ड फार्मेसियों (Own Licensed Pharmacies) की राज्य-वार/पद्धति-वार कुल संख्या						
क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	आयुर्वेद	यूनानी	सिद्ध	होम्योपैथी	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	आंध्र प्रदेश	282	9	0	9	**300**
2	अरुणाचल प्रदेश	1	0	0	0	**1**
3	असम	40	0	0	0	**40**
4	बिहार	81	8	0	28	**117**
5	छत्तीसगढ़	33	0	0	0	**33**
6	दिल्ली	73	21	0	0	**94**
7	गोवा	8	0	0	0	**8**
8	गुजरात	639	0	0	9	**648**
9	हरियाणा	841	1	0	0	**842**
10	हिमाचल प्रदेश	143	0	0	7	**150**
11	जम्मू और कश्मीर	7	1	0	0	**8**
12	झारखंड	6	0	0	3	**9**
13	कर्नाटक	222	0	0	11	**233**
14	केरल	723	4	3	13	**743**
15	मध्य प्रदेश	720	13	0	23	**756**
16	महाराष्ट्र	204	6	0	4	**214**
17	मणिपुर	0	0	0	0	**0**
18	मेघालय	0	0	0	20	**20**
19	मिजोरम	0	0	0	0	**0**
20	नागालैंड	0	0	0	0	**0**
21	ओडिशा	103	0	0	5	**108**
22	पंजाब	399	0	0	0	**399**
23	राजस्थान	355	1	0	0	**356**

24	सिक्किम	3	0	0	1	**4**
25	तमिलनाडु	174	14	285	0	**473**
26	तेलंगाना	334	180	0	31	**545**
27	त्रिपुरा	0	0	0	0	**0**
28	उत्तर प्रदेश	1198	213	0	30	**1441**
29	उत्तराखंड	245	2	0	0	**247**
30	पश्चिम बंगाल	173	5	0	80	**258**
31	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	**0**
32	चंडीगढ़	1	0	0	0	**1**
33	दादरा और नागर हवेली तथा दमन एवं दीव	14	0	0	0	**14**
34	लक्षद्वीप	0	0	0	0	**0**
35	पुडुचेरी	37	0	10	4	**51**
36	लद्दाख	0	0	0	0	**0**
	कुल	**7059**	**478**	**298**	**278**	**8113**
स्त्रोत: आयुष इन इंडिया,2024						